अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029

विज्ञापन सं.एम्स/नई दिल्ली/निदेशक भर्ती/2021-(सं.प्र.)

निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के पद हेतु मानक नियमावली के अनुसार भारतीय नागरिकों/अन्यों से निम्नलिखित मापदण्डों के साथ आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

1. **अर्हता**

   अनिवार्य अर्हता/अनुभव

   क. काय-चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, जन स्वास्थ्य अथवा इनकी शाखाओं में उच्च स्नातकोत्तर अर्हता।

   ख. दस वर्षों से अधिक समय हेतु शिक्षण तथा अनुसंधान अनुभव।

   ग. उक्त पेशे में 25 वर्षों से कार्यरत हों।

   घ. चिकित्सीय राहत, चिकित्सीय अनुसंधान, चिकित्सीय शिक्षा अथवा जन स्वास्थ्य संगठन के क्षेत्र में व्यापक व्यावहारिक एवं प्रशासनिक अनुभव तथा किसी महत्वपूर्ण वैज्ञानिक शैक्षणिक संस्थान के संचालन में प्रमुख अथवा विभागाध्यक्ष के रूप में पर्याप्त अनुभव।

2. **ऊपरी आयु सीमा**

   आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि अर्थात प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 30 दिन तक 62 वर्ष की आयु।

3. **वेतन एवं भत्ता**

   क) ₹2,25,000/- (नियत) सहित मूल वेतन का 20% का एनपीए लेकिन वेतन+एनपीए ₹2,37,500/- से अधिक न हो।

   ख) एफ.आर. 45 अथवा वेतन का 10%, जो भी कम हो, के अंतर्गत मानक किराए के भुगतान पर संस्थान के परिसर में आवासीय सुविधा दी जाएगी।

   ग) अन्य स्वीकार्य भत्ते।

4. **पद की अवधि**

   निदेशक की अवधि पदभार ग्रहण करने की तिथि से 5 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु पूर्ण करने तक, जो भी पहले होगी।

5. **परिवीक्षा अवधि**: परिवीक्षा अवधि एक वर्ष होगी।

6. **आवेदन/नामांकन हेतु प्रक्रिया**:

   i. योग्य उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट www.aiims.edu एवं www.aiimsexams.ac.in एवं www.mohfw.nic.in पर उपलबध निर्धारित प्रोफार्मा में इस पद हेतु आवेदन कर सकते हैं, इसके साथ उन्हें उपर्युक्त वेबसाइटों पर उपलब्ध अन्य संगत दस्तावेजों की फोटोकॉपी (स्व-प्रमाणित) संलग्न करनी होगी। आवेदन को पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा **उप-निदेशक (प्रशा.) निदेशक विंग, टीचिंग ब्लॉक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029** को भेजा जाए।

   ii. आवेदन वाले लिफाफे पर विज्ञापन सं. एवं प्रिंट मीडिया में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि के साथ यह लिखा होना चाहिए- "**एम्स, नई दिल्ली- में निदेशक के पद हेतु आवेदन**"।

iii. आवेदन करने वाले उम्मीदवार अनिवार्य अर्हता एवं अनुभव तथा जन्म तिथि के प्रमाण के संबंध में प्रमाण-पत्रों (स्व-प्रमाणित) की प्रति अवश्य जमा करें।

iv. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 30 दिन होगी (शाम 5 बजे तक)

v. इस पद हेतु निर्धारित अर्हता, आयु, अनुभव इत्यादि के अनुसार योग्यता निर्धारित की प्रभावी तिथि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम ति थि अर्थात् प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 30 दिन तक होगी।

vi. राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान योग्य उम्मीदवारों को नामित कर सकते हैं।

vii. भारतीय विश्वविद्यालयो के उप-कुलपति भी उप-निदेशक (प्रशासन), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली को उनका नामांकन भेज सकते हैं।

viii. संस्थान निकाय, एम्स, नई दिल्ली के सदस्य किसी उम्मीदवार को नामित नहीं करेंगे।

ix. देर से एवं अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

x. किसी भी प्रकार से अनुयाचना करने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

xi. यह विज्ञापन www.aiims.edu, www.aiimsexams.ac.in एवं www.mohfw.nic.in वेबसाइट पर भी उपलबध है।

प्रोफार्मा

(निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान,
नई दिल्ली के पद हेतु नाम एवं विवरण)

1. नाम (स्पष्ट अक्षरों में) :
2. पिता का नाम :
3. जन्म तिथि एवं आयु :
   (-------------------- तक)
4. वर्तमान पता :
5. ईमेल एवं मोबाइल फोन नं. :
6. क्या भारतीय नागरिक अथवा :
   गैर-भारतीय नागरिक अथवा
   भारतीय मूल के व्यक्ति हैं?
   (कृपया निर्दिष्ट करें)
7. शैक्षिक अर्हता

स्नातक	**उत्तीर्ण वर्ष**	**प्रयासों की संख्या**	**महाविद्यालय/विश्वविद्यालय जहां से स्नातक किया**
स्नातकोत्तर			**महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय जहां से स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की**
डॉक्टरेट (यदि हो)			**महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय**

8. विशेषज्ञता का क्षेत्र :
9. अनुभव :

	पदनाम एवं संस्थान जहां कार्य किया	से	तक
(i) स्नातकोत्तर से पूर्व (क) शिक्षण (ख) अनुसंधान (ग) प्रशासन (ii) स्नातकोत्तर के बाद			

(क) शिक्षण (ख) अनुसंधान (ग) प्रशासन			

10. प्रकाशनों की संपूर्ण सूची :
(कृपया सूची संलग्न करें)
11. पुस्तक, यदि कोई लिखी हो (सूची) :
12. पाठ्येतर गतिविधियां जैसे चिकित्सा सामाजिक कार्य, पत्रकारिता अथवा ललित कला, खेल आदि से संबंधित अन्य गतिविधियां :
13. उपाधि, विशिष्ट सम्मान, पुरस्कार आदि :
क) स्नातक-पूर्व स्तर पर :
ख) स्नातकोत्तर स्तर पर :
ग) अन्य कोई :
14. राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों आदि की फेलोशिप/सदस्यता :
15. वर्तमान पद एवं पदनाम :
(कब से पद ग्रहण किया)
16. वेतन मान :
17. वेतन :

मैं, एतद्द्वारा, यह घोषणा करता हूं कि इस आवेदन में मेरे द्वारा दी गई सूचना मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार पूर्णत: सत्य एवं सही है।

स्थान: **(आवेदक के हस्ताक्षर)**
दिनांक: